UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 13 जिसके हम मामा हैं (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

कुछ करने को :

प्रश्न:
प्रायः कुछ लोग चुनाव में किसी न किसी लोभ या दबाववश योग्य प्रत्याशी को अपना मत न देकर किसी अयोग्य प्रत्याशी को मतदान कर बैठते हैं, जिसका समाज पर बुरा असर पड़ता है। आप भी निकट भविष्य में अपने मत (वोट) का प्रयोग करेंगे। लिखिए कि आप किसी प्रत्याशी को किन बातों के आधार पर अपना मत (वोट) देंगे?
उत्तर:
हम अपना वोट प्रत्याशी के संपूर्ण व्यक्तित्व का आकलन करने के पश्चात ही उसे देंगे। पहले हम यह देखेंगे कि वह कितना शिक्षित है, अशिक्षित व्यक्ति जनता की समस्याएँ दूर करना तो दूर समझ भी नहीं सकता। फिर उसके भाषणों से यह तय करेंगे कि उसकी बातों में कितनी सच्चाई है। और जो वादे वो कर रहा है क्या उन्हें पूरा करने में वह सक्षम भी है? इसी तरह हम उसके अतीत और वर्तमान की सारी जानकारी प्राप्त करेंगे और यदि वह हमारी कसौटी पर खरा उतरता है तभी हम उसे अपना वोट देगें।

विचार और कल्पना :

प्रश्न 1:
यदि आपको वोट देने का अवसर प्राप्त होता है तो आप किस प्रकार के व्यक्ति अपना वोट देना चाहेंगे? लिखिए।
उत्तर:
हम एक कर्मठ, साहसी, शिक्षित और अनुभवी उम्मीदवार को वोट देना चाहेंगे।

पाठ से

प्रश्न 1:
व्यंग्य में मामाजी और मुन्ना किसके-किसके लिए प्रयोग किया गया है?
उत्तर:
व्यंग्य में मामा जी शब्द भारतीय नागरिक अथवा वोटर तथा मुन्ना शब्द एम०पी० (सांसद) को कहा गया है।

प्रश्न 2:
भारतीय नागरिक और भारतीय वोटर के नाते हमारी कैसी स्थिति है?
उत्तर:

भारतीय नागरिक और भारतीय वोटर के नाते हमारी स्थिति उस सज्जन की तरह वाराणसी में तौलिया लपेटे यहाँ से वहाँ दौड़ रहा था।

प्रश्न 3:
"बाहर निकले तो सामान भी गायब लड़का भी गायब" इस वाक्य की तुलना पाठ । में आये किस वाक्य से की जा सकती है?
उत्तर:
वह शख्स जो कल आपके चरण छूता था; आपका वोट लेकर गायब हो गया है।

प्रश्न 4:
"क्यों साहब वह कहीं आपको नजर आया" इस वाक्य से लेखक को क्या आशय है?
उत्तर:
इस वाक्य से लेखक का आशय है कि विधायक, सांसद आदि वोट लेकर चुनाव जीतने के बाद भारतीय नागरिकों और भारतीय वोटरों की कोई सुध नहीं लेते।

भाषा की बात

प्रश्न 1:
नीचे दिये गये वाक्यों के रूप कोष्ठक में दिये गये निर्देशों के अनुसार बदलिए

(क) मैं आजकल यहीं हूँ। (नकारात्मक)
उत्तर:
मैं आजकल यहीं नहीं हैं।

(ख) वे तौलिया लपेटे यहाँ से वहाँ दौड़ते रहे। (प्रश्नवाचक)
उत्तर:
वे तौलिया लपेटे यहाँ से वहाँ क्यों दौड़ते रहे?

(ग) तुमने इतनी देर से मुझे नहीं पहचाना। (विस्मयबोधक)
उत्तर:
तुमने इतनी देर से मुझे नहीं पहचाना?

प्रश्न 2:
निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग एक ही वाक
(क) जैसे ही, वैसे ही ..... **जैसे ही** उसने प्लेटफार्म पर पैर रखा, **वैसे ही** गाड़ी गई।
(ख) इसलिए, क्योंकि ...... **इसलिए** वह तेज दौड़ा **क्योंकि** गाड़ी छूटने वाली थी।
(ग) जितना, उतना ...... **जितना** कार्य वह पूरा करता **उतना** ही और मिल जाता था।

प्रश्न 3:
सहायक क्रिया मुख्य क्रिया की काल सम्बन्धी सहायता करती है, जैसे- 'घूमने लगे इसमें 'घूमना' मुख्य क्रिया है तथा 'लगे' सहायक क्रिया। इस प्रकार के दो अन्य उदाहरण देकर मुख्य क्रिया और सहायक क्रिया को अलग-अलग लिखिए।

https://www.evidyarthi.in/

उत्तरः

(1) दौड़ते रहे।	**मुख्य क्रिया**– दौड़ना	**सहायक क्रिया**– रहे
(2) भाग गया।	**मुख्य क्रिया**– भागना	**सहायक क्रिया**– गया

प्रश्न 4:
वाक्य शुद्ध कीजिए

(क) वहीं जिसके मामा हैं हम।	वही जिसके हम मामा हैं।
(ख) वोटों की भाग गया लेकर पूरी पेटी।	वोटों की पूरी पेटी लेकर भाग गया।
(ग) पहुँचे वाराणसी सज्जन एका	एक सज्जन वाराणसी पहुँचे।
(घ) माधव विद्यालय गया से घर।	माधव घर से विद्यालय गया।
(ङ) शैली है गाना रही गा।।	शैली गाना गा रही है।

प्रश्न 5:
'परलोक' शब्द में 'पर' तथा 'बदकिस्मत' शब्द में बद' उपसर्ग। नीचे दिये गये शब्दों में से उपसर्ग और शब्द अलग-अलग लिखिए
अस्थायी, प्रसिद्ध, सपूत, सुगम, खुशकिस्मत, खुशमिजाज, नासमझ, गैरहाजिर।
उत्तरः
अस्थायी = **अ** + **स्थायी**
प्रसिद्ध = **प्र** + **सिद्ध**
संपूत = **स** + **पूत**
सुगम = **सु** + **गम**
खुशकिस्मत = **खुश** + **किस्मत**
खुशमिजाज = **खुश** + **मिजाज**
नासमझ = **ना** + **समझ**
गैरहाजिर = **गैर** + **हाजिर**

प्रश्न 6:
इस पाठ के आधार पर आप भी दो प्रश्न बनाइए।
उत्तरः
प्र०1. लेखक ने व्यंग्य में मामा जी शब्द का प्रयोग किसके प्रतीक के रूप में किया है?
प्र०2. प्रजातंत्र को लेखक ने किसकी उपमा दी है?
इस पाठ से।